# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–13.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा ने राज्यभर में निकाली तिरंगा यात्रा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सभी नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा फहरा कर देशभक्ति का संदेश फैलाने की अपील की।
- राज्य में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी अंतिम चरण में सभी जिलों में फुल ड्रेस रिहर्सल परेड आयोजित कर सुरक्षा और संचालन संबंधी दिए गए निर्देश।
- चाईबासा के गोइलकेरा में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में भाकपा माओवादी का एरिया कमांडर ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी।
- रामगढ़ में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित, जनधन, बीमा और पेंशन योजनाओं की दी गई जानकारी।
- रांची में 16 से 18 अगस्त तक 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता होगी आयोजित, देशभर की 25 टीमें होंगी शामिल।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 15 अगस्त तक चल रहे देशव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत रांची समेत सभी जिलों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। आज कोडरमा के चाराडीह स्थित अपने आवास पर केंद्रीय मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने तिरंगा फहराया। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घर पर तिरंगा फहराकर देशभक्ति का संदेश फैलाएँ और आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा दें।

******************

उधर तोरपा में आयोजित तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा अभियान में पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं, स्कूली विद्यार्थियों और अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने पूरे जोश के साथ तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के नारे लगाए।

इस अवसर पर तोरपा, खूंटी और कर्रा के कई इलाकों में तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को नमन किया गया।

******************

इधर जमशेदपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपने आवास पर तिरंगा लगाकर शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह अभियान देशवासियों में एकता, अखंडता और शहीदों के प्रति सम्मान का प्रतीक बन गया है।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनासीवें (79वें) स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल 14 अगस्त को आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर शाम 7 बजे से देश की जनता को संबोधित करेंगी। प्रादेशिक समाचार एकांश रांची द्वारा प्रसारित शाम 7 बजे का संध्याकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण शाम 6 बजकर 45 मिनट पर होगा।
राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को आकाशवाणी से राज्य की जनता को शाम 7 बजे संबोधित करेंगे। राज्यपाल के अभिभाषण के कारण शाम 7 बजे का संध्याकालीन प्रादेशिक समाचार 6 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित किया जाएगा।
वहीं 14 और 15 अगस्त को जिले में आजकल का प्रसारण 6 बजकर 56 मिनट पर किया जाएगा।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राजभवन में दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र और रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया और तैयारियों की जानकारी दी गई।

******************

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा की देखरेख में संपन्न हुआ। रिहर्सल में सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ, झारखंड जगुआर, जैप, रांची पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और बिहार पुलिस की टुकड़ियां शामिल हुईं।

******************

हजारीबाग में उनासीवें (79वें) स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों के तहत कर्जन ग्राउंड में विभिन्न बलों की टुकड़ियों ने फुल ड्रेस परेड और फाइनल रिहर्सल की। मौके पर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण और सलामी ग्रहण की। एसपी अंजनी अंजन ने तैयारियों की समीक्षा कर समारोह को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

******************

चाईबासा के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में आज सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में भाकपा माओवादी का एरिया कमांडर अरुण उर्फ वरुण उर्फ निलेश मदकम मारा गया।

चाईबासा एसपी राकेश रंजन ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सुकमा निवासी अरुण के पास से एक एसएलआर रायफल, गोलियां और रोजमर्रा के सामान बरामद हुए। फिलहाल इलाके में नक्सलियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

******************

रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड के देवरिया पंचायत सचिवालय में बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया मुंबई के मुख्य महाप्रबंधक अशोक कुमार पाठक ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत देशभर में 55 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं और सभी बैंकों में मिलाकर करीब 2 लाख करोड़ रुपये जमा हैं।

******************

खूंटी जिले में कई किसान कृषि विभाग और बैंकों के सहयोग से कृषि ऋण लेकर मल्चिंग विधि से कृषि कार्य करने लगे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की मेजबानी में 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 अगस्त तक रांची के हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में होगा, जिसमें 25 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें भाग लेंगी।

******समाप्त*******